अपराध संक्षेप

दबंगों ने युवक को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

गरौठा। लहचूरा थाना क्षेत्र के ग्राम लारौनी निवासी रमेश अपनी बहन को लेने सोमवार को रमपुरा गया था। वहां ग्राम के ही महेश, सुरेश, मनोज व कृष्णा उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उसे पीट दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस घटना में रमेश को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। संवाद

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

मोठ। कोतवाली पुलिस ने रविवार रात सेमरी टोल प्लाजा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 लोगों के चालान किए गए। उनसे 1.11 लाख रुपये का अर्थदंड वसूल गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश पाल सिंह के नेतृत्व में ब्रेथ एनालाइजर मशीन की सहायता से कई वाहन चालकों की जांच की गई। प्रभारी निरीक्षक ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने व नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने की अपील की। संवाद

हादसे में मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

गरौठा। डुमरई निवासी मिट्ठू ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 9 मई को उसके पुत्र पुष्पराज बाइक से गरौठा से डुमरई जा रहे थे। दुखहरू के पास उनकी बाइक में बस ने टक्कर मार दी, जिससे पुष्पराज घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गूरसराय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। मृतक के पिता कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। संवाद

पीटने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

टहरौली। ग्राम बमनूआं निवासी संकित कुशवाहा ने टहरौली थाने में प्रार्थना दिया, जिसके जरिये बताया कि 15 मई की रात गांव के निवासी सुरेश कुशवाहा दो अज्ञात लोगों के साथ शराब के नशे में उनके घर पहुंचा और जान से मारने की नीयत से फावड़ा व लोहे की छड़ से हमला कर दिया, जिससे वह व उनकी मां शीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। चीख-पुकार सुनकर ताया-तानी एवं चाचा-चाची मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। गंभीर चोटों के चलते मां-बेटा बेहोश हो गए, जिसके बाद परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संवाद

जबरन मछली निकालने का आरोप

मऊरानीपुर। ग्राम सिजारीखुर्द निवासी रामरतन ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजा, जिसके जरिये बताया कि उसने गांव स्थित तालाब का पट्टा नीलामी के माध्यम से लिया है। लेकिन, गांव का ही एक दबंग व्यक्ति जबरन तालाब से मछलियां निकाल रहा है। विरोध करने पर वह झगड़े पर आमादा हो जाता है। दबंग के खौफ के कारण पीड़ित और उसका परिवार बेहद सहमा हुआ है। दबंग को तालाब से अवैध रूप से मछली पकड़ने से तुरंत रोक कर कार्रवाई की जाए। अन्यथा की स्थिति में उसका पट्टा निरस्त कर जमा की गई धनराशि और बीज के पैसे वापस दिलाए जाएं। संवाद

छह पर शांतिभंग की कार्रवाई

टोड़ी फतेहपुर। टोड़ीफतेहपुर थाना पुलिस की टीम ने थानाध्यक्ष संजीव कटियार की अगुवाई में महिलाओं समेत छह लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की। पुलिस ने रोशनी, मोहनी, करन, बलराम अहिरवार निवासी ग्राम धरवराना थाना बम्होरीकला टीकमगढ़ और सीताराम अहिरवार, कमलेश अहिरवार निवासी ग्राम हिरोरा को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पकड़कर उनका चालान किया। संवाद

डीपीआरओ की फटकार के बीच सफाई कर्मी को पड़ा दिल का दौरा

सूद पर रुपये देने के मामले में स्पष्टीकरण के लिए बुलाया था कर्मचारी को तभी बिगड़ी तबीयत, साथी को दिए रुपये तो मामला पहुंचा पुलिस तक

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय में सोमवार अपराह्न अनुशासनिक पूछताछ के दौरान एक सफाई कर्मचारी की तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी को सूद पर रुपये देने पर डीपीआरओ डॉ. बाल गोविंद श्रीवास्तव ने फटकारा था। तभी कर्मचारी अचानक सीने में दर्द की शिकायत करते हुए जमीन पर गिर पड़ा। आनन-फानन में उसे महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, विकासखंड बड़ागांव की ग्राम पंचायत बचावली में तैनात सफाई कर्मचारी बाबूलाल तिवारी पर अपने साथी कर्मचारी सत्यप्रकाश को ब्याज पर 50 हजार रुपये देने का आरोप है। बताया गया कि रुपये के बदले लिया गया गारंटी चेक बाउंस हो गया था, जिसके बाद बाबूलाल ने सत्य प्रकाश के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। इस मामले में पुलिस दो दिन पहले डीपीआरओ कार्यालय जांच के लिए पहुंची थी।

सरकारी सेवा नियमावली में किसी भी कर्मचारियों की ओर से निजी तौर पर सूदखोरी या ब्याज पर लेन-देन करना प्रतिबंधित है। इसी शिकायत के संबंध में डीपीआरओ डॉ. बाल गोविंद श्रीवास्तव ने दोपहर बाद करीब 3:15 बजे बाबूलाल को कार्यालय तलब किया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबूलाल अपने भतीजे के साथ कार्यालय पहुंचा था। पूछताछ के दौरान डीपीआरओ उसे सरकारी कर्मचारी होकर इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त रहने पर फटकार लगा रहे थे। इसी दौरान बाबूलाल अचानक पसीने से तर हो गया और बेहोश होकर गिर पड़ा। तभी पुलिस बुला ली गई। कार्यालय कर्मचारियों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

सरकारी कर्मचारी सूद पर नहीं दे सकते रुपये

यदि कोई कर्मचारी ब्याज पर रुपये देने का नियमित काम करता है या चेक या दस्तावेज लेकर वसूली करता है। वित्तीय विवाद में फंसता है तो विभाग इसे आचरण नियमों के विपरीत मान सकता है। ऐसे मामले में उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 तथा उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली का हवाला देकर कार्रवाई की जाती है।

बाबूलाल को दिल का दौरा पड़ा है। फिलहाल उसे आईसीयू में भर्ती कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उपचार दिया जा रहा है।
– डॉ. सचिन माहुर, सीएमएस, मेडिकल कॉलेज

बाबूलाल के खिलाफ सूदखोरी की शिकायतें मिल रही थीं। उसे पहले भी इस तरह की गतिविधियों से बचने की हिदायत दी गई थी। उसे केवल स्पष्टीकरण और समझाने के लिए बुलाया गया था। बातचीत के दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।
– डॉ. बाल गोविंद श्रीवास्तव, डीपीआरओ

भाजपा नेता चला रहा था सट्टा गिरोह

ऑपरेशन 720 : पकड़े गए चार सटोरियों के पास मिले रजिस्टर में डेढ़ करोड़ के लेनदेन का हिसाब

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। सटोरियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन-720 के तहत पुलिस ने सोमवार को सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता संतोष श्रीवास समेत चार सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि मकान मालिक समेत तीन नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस इनको तलाश रही है। गिरफ्तार सटोरियों के मोबाइल से 3.96 लाख के क्वाइन समेत रजिस्टर में डेढ़ करोड़ रुपये का हिसाब मिला है। पुलिस ने तीन लैपटॉप, 17 मोबाइल, एक टेबलेट समेत 10 रजिस्टर भी बरामद किए हैं।

एसपी सिटी प्रीति सिंह एवं एसीपी अरीबा नोमान ने बताया बबीना के चंदौली गांव में बिरजू श्रीवास के घर को सटोरियों ने ठिकाना बनाया हुआ था। वेबसाइट के जरिए आईपीएल में सट्टेबाजी कराते थे। सोमवार को पुलिस ने दबिश देकर कोतवाली के सैयर गेट मोहल्ला निवासी पूर्व पार्षद संतोष श्रीवास, नैनागढ़ निवासी उमेश गुप्ता, लालता प्रसाद कम्पाउंड निवासी आशीष अग्रवाल एवं कृष्णा एंनक्लेव निवासी सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास 3,96,208 रुपये के डिजिटल क्वाइन मिले। पुलिस के मुताबिक सरगना के तौर पर मिशन कम्पाउंड निवासी प्रेम खटीक का नाम सामने आया है। इससे पूर्व पार्षद संतोष श्रीवास ने आईडी ली थी।

संतोष एजेंट के तौर पर इसे चलाता है। उमेश, आशीष अग्रवाल और सचिन यादव का काम ग्राहक तलाशना था। 30 प्रतिशत मुनाफा संतोष अपने पास रखता था जबकि 70 प्रतिशत मुनाफा प्रेम खटीक और निहाल के पास जाता था।

गिरोह में मकान मालिक भी शामिल, तलाश रही पुलिस

पुलिस को पूछताछ में मालूम चला कि सट्टा गिरोह में मकान मालिक बिरजू श्रीवास उर्फ गोविंद भी शामिल था। पूर्व पार्षद संतोष 30 फीसदी मुनाफे से सभी को हिस्सा देता था। मकान मालिक का भी हिस्सा था। आरोपियों के मोबाइल में 6 बैंकों की यूपीआई आईडी मिली। इनके जरिए बैंक से वह लेनदेन करते थे। पुलिस के मुताबिक आईडी बांटने वाले प्रेम खटीक पर कई मामले पहले से दर्ज हैं। उसके खिलाफ 2013 में सट्टा खिलवाने के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। उस पर हत्या की कोशिश, ठगी, मारपीट समेत कई धाराओं में उस पर सात से अधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। संवाद

सट्टेबाजों के लिए पुलिस ने किया एससी कार का इंतजाम

भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद संतोष श्रीवास समेत चारों सटोरियों के लिए पुलिस ने किराये पर लग्जरी एससी कार मंगवाई थी। इसी कार से उन चारों को झांसी लाया गया। एससी युक्त कार से चारों पहले पुलिस लाइन पहुंचे, यहां से उन चारों को कोर्ट के सामने ले जाया गया। गर्मी से बचने के लिए जब तक उनका नंबर नहीं आया चारों कार के अंदर बैठकर एससी की हवा खाते रहे। उस दौरान संतोष एवं अन्य सटोरियों के दोस्त भी आसपास मोटर साइकिल से मड़रा रहे थे। थाना प्रभारी विनय साहू ने भी कि सटोरियों को झांसी तक लाने के लिए किराये पर कार मंगवाई गई थी

दूसरी पत्नी के छोड़कर जाने के बाद शराब में डूबे पति की मौत

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। दो पत्नियों के छोड़कर जाने के बाद से शराब में डूबे पति की मौत हो गई। सोमवार को उसका शव घर से चार दूर करगुवां इलाके में मिला।

थाना बरुआसागर के चिपलौटा गांव निवासी मनोज रायकवार (30) पिता ठाकुरदास के साथ गुमनावार में किराए का कमरा लेकर रहता था। परिजनों ने बताया कि मनोज दो भाइयों में छोटा था। उसकी शादी 10 साल पहले रानी से हुई। कुछ महीने बाद दोनों में विवाद शुरू हो गया। शादी के तीन साल बाद रानी उसे छोड़कर चली गई।

घर से करीब चार किलोमीटर दूर करगुवा में मिला शव

दो साल पहले मनोज ने दूसरी जगह शादी कर ली। मगर बहू का किसी से अफेयर था।

शादी के कुछ दिन बाद ही वह घर छोड़कर चली गई। दूसरी पत्नी के भी चले जाने के बाद से मनोज ज्यादा शराब पीने लगा। रविवार सुबह निकला था। सोमवार को उसका शव करगुआ में शराब के ठेके के पास मिला। नवाबाद थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव के मुताबिक अत्याधिक शराब पीने की वजह से मौत हुई है।

युवक ने लगाया फायरिंग का आरोप

बबीना। बबीना के खिरकन लहर निवासी शेर सिंह यादव ने सोमवार रात फायरिंग का आरोप लगाते हुए बबीना थाने में तहरीर दी है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। शेर सिंह ने पुलिस को बताया कि रात करीब 8:30 बजे वह गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में राजगढ़ पुरवा के पास उसे कुछ लोगों ने रोक लिया। आरोपी उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने उस पर फायरिंग शुरू कर दी। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। यहां से वह थाने पहुंचा। बबीना थाना प्रभारी विनय साहू के मुताबिक मामले की जांच कराई जा रही है। संवाद

राजगढ़ पुरवा के पास रोककर दिया घटना को अंजाम

अधिवक्ता ने खुद पर उड़ेला ज्वलनशील पदार्थ

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में एक अधिवक्ता ने अचानक से अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया हालांकि, वहां मौजूद पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल पकड़ लिया। पुलिस उसे लेकर तुरंत नवाबाद थाने पहुंची। छानबीन में मालूम चला कि मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज न होने से नाराज होकर उसे यह कदम उठाया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कचहरी में प्रैक्टिस करने वाले निशांत मिश्रा ने कुछ दिन पहले नवाबाद थाने में मारपीट की घटना को लेकर तहरीर दी थी। उसका आरोप है कि पुलिस जानबूझकर प्राथमिकी नहीं दर्ज कर रही है। इससे नाराज होकर सोमवार दोपहर करीब 11.15 बजे वह बोतल में ज्वलनशील पदार्थ लेकर कलेक्ट्रेट जा पहुंचा और अचानक से अपने ऊपर डालने लगा। अधिवक्ता को यह देख वहां मौजूद पुलिस कर्मी हरकत में आ गए। उन्होंने उसे सुरक्षा घेरे में ले लिया। घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत नवाबाद थाने लाकर उससे पूछताछ की गई। एसपी सिटी प्रीति सिंह का कहना है कि उसने पूर्व में तहरीर दी थी। उसकी जांच कराई जा रही है। सही तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

आत्मदाह के प्रयास के बाद मौके पर पहुंचे एडीएम अधिवक्ता को साथ ले जाते। संवाद

मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज न होने से था नाराज

पत्नी की हत्या में पति को सात साल का कारावास

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

झांसी। पत्नी पर केरोसिन का तेल डालकर जलाने वाले पति को विशेष न्यायाधीश एफटीसी एडीजे शरद कुमार चौधरी की अदालत ने सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। उस पर जुर्माना भी लगाया गया।

अभियोजन के मुताबिक मृतका के भाई कमलेश परिहार ने करीब आठ साल पहले शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बहन संगीता की शादी रक्सा थाना क्षेत्र के कोटखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू परिहार के साथ हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद 12 नवंबर 2018 को जितेंद्र ने उसकी बहन से जुए के लिए पैसे की मांग की थी लेकिन बहन ने मना कर दिया था। इससे नाराज होकर जीतू ने उसके ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। इससे वह बुरी तरह से झुलस गई थी। उसे मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था।

यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले की तहरीर थाने में दी गई थी। पति के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। उसे गिरफ्तार किया गया था। पूर्व में तो यह मामला सीजेएम के न्यायालय में चला था। बाद में विशेष न्यायालय एफटीसी में स्थानांतरित हुआ था। साक्ष्य न होने के कारण उसे न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या का दोषी माना।

सोमवार को इस मामले की सुनवाई हुई। इसमें अभियुक्त जितेन्द्र को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। इसके अलावा जुर्माना भी लगाया।

मालखाने में जंग खा रहे 1.37 करोड़ के असलहे

पुलिस लाइन में चेकोस्लोवाकिया निर्मित 33 राइफल समेत दो रिवाल्वर एवं 10 एयरगन रखीं

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। झांसी राइफल क्लब की न सिर्फ फायरिंग रेंज नष्ट हो चुकी बल्कि क्लब के खरीदे करोड़ों के असलहे भी पुलिस लाइन के मालखाने में दशकों से जंग खा रहे हैं। यह असहले कई साल से बाहर ही नहीं निकले। इनकी हालत के बारे में अफसरों को भी नहीं मालूम।

राइफल क्लब के लिए खास तौर से चेकोस्लोवाकिया निर्मित ड्रोनो ब्रांड की 33 राइफल मंगवाई गई थीं। प्वांइट 22 रेंज में होने वाली फायरिंग के लिए इनका इस्तेमाल होता था। विदेशी ब्रांड की इस एक रायफल की कीमत इस समय करीब चार लाख रुपये है।

ट्रैप स्किड के लिए 12 बोर की तीन राइफल थीं वहीं, निशानेबाजों के लिए कानपुर गन फैक्टरी से दो रिवाल्वर भी मंगवाई गई थी। इस तरह क्लब के पास करोड़ों रुपये के असलहे थे। सूत्रों का कहना है कि तत्कालीन जिलाधिकारी हरमिंदर राज सिंह के कार्यकाल के दौरान इनका आखिरी बार इस्तेमाल हुआ था। इसके बाद सारे असहले कलेक्ट्रेट स्थित मालखाने में रखवा दिए गए। यहां कई साल तक यह बंदूकें रखी रहीं। देखरेख न होने की वजह से इनको पुलिस लाइन के मालखाने भेजा गया, जिससे इनकी देखरेख हो सके। यह बंदूकें पुलिस लाइन के मालखाने में रखवा दी गईं लेकिन, दशकों से यह बंदूकें बाहर ही नहीं आईं। राइफल क्लब के सदस्य तमाम गन हाउस के संचालकों ने भी इन बंदूकों को दशकों से बाहर नहीं देखा। उनको भी इन बंदूकों के बारे में कुछ भी नहीं पता। अब अफसर भी इन बंदूकों को भूल गए।

अफसर भी इन बंदूकों के बारे में नहीं बता सके हालांकि एसएसपी बीबी जीटीएस मूर्ति का कहना है कि इन बंदूकों की स्थिति का पता लगाया जाएगा।

रिटायर्ड रेलकर्मी के घर से चोरी

झांसी। रक्सा में राम जानकी मंदिर के पास रहने वाले रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी मुरारी लाल खरे (77 वर्ष) के घर का ताला तोड़कर बदमाश नकदी समेत कपड़े एवं कीमती सामान उड़ा ले गए। परिजनों ने बताया कि दो दिन पहले मुरारी लाल की तबीयत खराब हो गई थी। उनको उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घर पर कोई नहीं था। रविवार रात चोर ने घर का ताला तोड़ दिया। सोमवार शाम करीब चार बजे उनके पुत्रों के घर पहुंचने पर ताला टूटा हुआ था।

40 हजार की नकदी समेत साड़ी-बर्तन ले गए चोर

अंदर पहुंचने पर सारा सामान जमीन पर बिखरा था। आलमारी में रखे चालीस हजार रुपये समेम अन्य कीमती वस्तुएं गायब थीं। घर में रखी साड़ियां और बर्तन भी नहीं छोड़े। थाना प्रभारी रक्सा डयर प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कुछ संदिग्धों को पकड़कर उनसे पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो

झाँसी सिनेमा

नटराज सिनेमा में ता. 15 मई से रोजाना 5 शो

कॉमेडी के लिए कॉमेडी से सजी पेशकश

पति पत्नी और वो-2

पात्र: आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह, सारा अली, विजय राज, तिमांशु धुलिया

शो टाइम: 10:45, 1:15, 3:45, 6:30 एवं 9:30 बजे

Advance Booking Available

bookmyshow, Paytm & www.natarajcinema.com

खिलौना मल्टीप्लेक्स

रिकलाइनर सीटों का आनंद लें

दर्शकों के लिए खुशखबरी ! ऑडी- 2 नये सेंसर प्रोजेक्टर के साथ एचडी मूवी का आनंद लें

ता. 15 मई से भव्य प्रदर्शन प्रतिदिन 5 शो, पति पत्नी और वो की सफलता के बाद एक और कॉमेडी के लिए कॉमेडी से सजी पेशकश आयुष्मान खुराना की

पति पत्नी और वो-2

पात्र: रकुल प्रीत सिंह, शमिका मन्धी, सारा अली, विजय राज, तिमांशु धुलिया

शो टाइम: 10:35, 12:45, 3:35, 6:35 एवं 9:35 बजे

ता. 15 से भव्य प्रदर्शन प्रतिदिन 2 शो संजय दत्त की अदाकारी से सजी

आखरी सवाल

शो टाइम: 12:50 एवं 3:30 बजे

ता. 15 से प्रतिदिन 2 शो, 2सरा शानदार सप्ताह

कृष्णावतारम्-पार्ट-1 द हार्ट

शो टाइम: 6:30 एवं 9:35 बजे

Now Online Ticket Booking At- www.bookmyshow.com, Paytm

Medical Helpline

विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें- 9761504459

पाण्डेय डायग्नोस्टिक एंड इन्टरवेंशनल सेन्टर

क्या आप भी Infertility (बांझपन) से परेशान हैं?

रुकी हुई गर्भाशय की नलिया (फेलोपियन ट्यूब) अब और नहीं बांझपन का कारण

बिना ऑपरेशन व सर्जरी के ट्यूब ओपन की जाती है FTR तकनीक से (सुरक्षित व असरदार इलाज)

डॉ. शिवेश पाण्डेय

MBBS, MD, (Radiodiagnosis)

Advance Training in Interventional Radiology

IVF (टेस्टट्यूब बेबी) जैसी महंगी और जटिल प्रक्रिया अपनाने से पहले FTR को अपनाना चाहिए। यह आपके शरीर को इस काबिल बनाता है कि आप प्राकृतिक तरीके से माँ बन सकें।

जय दुर्गा कॉम्प्लेक्स, मेडिकल कॉलेज गेट नं. 1 सामने, होटल शीला श्री के बगल में, झांसी Mob. : 9935705007, 9935901007

Triveni Dental & Maxillofacial Hospital

डॉ. वैभव प्रताप सिंह

B.D.S., M.D.S., FAGE

ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जन

9695011117

डॉ. नमिता सिंह

B.D.S., MIDA

दंत एवं मुख टोल विशेषज्ञ

WE BRING YOUR HEALTHY SMILES

LET'S TAKE CARE OF YOUR TEETH

सुविधाएं

• पायरिया का इलाज • दाँतो की सफाई • दाँतो से खून आना बदबू आना • रूट कैनाल ट्रीमेंट • दाँतो की फिलिंग • टेढ़े-मेढ़े दाँत सीधे करना • बत्तीसी • डेंटल इम्प्लांट अकल दाढ़ निकालना • फिक्स दाँत (ब्राउन और ब्रिज) • मुँह में छाले • दाँतो का आपरेशन • बिना दर्द दाँत निकालना • दाँतों की क्लीचिंग • टूटे जबड़ों का इलाज

नारायण बाग रोड, शिवाजी नगर, पानी की टंकी के पास, झांसी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

क्षेत्रीय कार्यालयः झाँसी क्षेत्र भूमितल, नगर निगम बिल्डिंग, ईलाइट चौराहा, जिला–झाँसी–284001 (उ.प्र.)

शाखाः सीपरी बाजार शाखा, झाँसी

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट–IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) के प्रावधान देखें]

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता का पास रेहन रखी /प्रभारित /गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा प्रत्याभूतित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु "जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है" के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं / बंधककर्ता(ओं) / गारंटरों / प्रत्याभूतित परिसंपत्तिया / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथिः 22.06.2026 | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 20.06.2026 सायं 04.00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणियों / जमानतदारों / बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई–नीलामी की तिथि 2. ई–नीलामी का समय (प्रारंभ समय वे समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि / 2. अग्रिम धनराशि / 3. बिड बढ़ोतरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	मेसर्स गंगा कंस्ट्रक्शन कम्पनी, पंजीकृत पता– ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन– 284003, पार्टनर्स– 1). श्रीमती राजकुमारी पत्नी राजेंद्र कुमार सिंह राजपूत निवासी ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन–284003 2). श्री मान सिंह पुत्र बलराम सिंह निवासी ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन–284003 3). श्री मलखान सिंह पुत्र श्री मायाराम, निवासी ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन–284003 4). श्री प्रेम प्रकाश सिंह पुत्र श्री मायाराम, निवासी ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन–284003	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड, एक किता, क्षेत्रफल 217.47 वर्ग मीटर स्थित आराजी संख्या 1190, मौजा लहरगिर्द आबादी, भारत माता मंदिर के पास, परगना एवं जिला झांसी (उ.प्र.), मालिकः श्री राजेंद्र सिंह राजपूत पुत्र श्री माया राम राजपूत, चौहद्दीः पूर्वः 3 फीट चौड़ी सड़क; पश्चिमः श्रीमती हेमलता सक्सेना का मकान; उत्तरः 15 फीट चौड़ा कच्चा रास्ता; दक्षिणः श्रीमती सोनमती देवी का प्लॉट	रू. 2,58,28,042.94 (रूपये दो करोड़ अठ्ठावन लाख अठ्ठाइस हजार बयालिस एवं पैसा चौरानवे मात्र) + दिनांक 11.05.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथिः 22.06.2026 ई–नीलामी का समयः दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक	1. रू0 1,13,28,000/- (आरक्षित मूल्य) 2. रू0 11,32,800/- (अग्रिम धनराशि) 3. रू0 25,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	17.06.2026 प्रारंभ समयः शाम 4:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे
2.	जमानतदर्ताः 1). श्री राजेंद्र कुमार सिंह राजपूत पुत्र श्री माया राम राजपूत, निवासी ए–181, दीनदयाल नगर, झाँसी, पिन–284003 2). श्री मन मोहन सिंह निवासी 300 हाइडिल कॉलोनी, झाँसी, पिन–284003 3). श्री मनोज गुप्ता निवासी सी.पी. मिशन कम्पाउण्ड, झाँसी, पिन–284003 4). श्री जगराम सिंह निवासी 1602, सिविल लाइन्स, झाँसी, पिन–209601 5). श्री संजय सिंह निवासी 42 आवास विकास, झाँसी, पिन–284003	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित एक आवासीय प्लॉट, क्षेत्रफल 250.93 वर्ग मीटर निर्मित प्लॉट संख्या 71, मौजा लहरगिर्द, दीन दयाल नगर नंदनपुरा, तहसील एवं जिला झाँसी, मालिकः श्रीमती राज कुमारी राजपूत पत्नी श्री राजेंद्र कुमार राजपूत, चौहद्दीः पूर्वः रेलवे की भूमि; पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क; उत्तरः उमा यादव का मकान; दक्षिणः किशोरी लाल का मकान		ई–नीलामी की तिथिः 22.06.2026 ई–नीलामी का समयः दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक	1. रू0 1,28,00,000/- (आरक्षित मूल्य) 2. रू0 12,80,000/- (अग्रिम धनराशि) 3. रू0 25,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	17.06.2026 प्रारंभ समयः शाम 4:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं Baanknet.com पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 8477009427 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 17.05.2026 स्थानः झांसी

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा